PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

सच्चाई से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

-आचार्य चाणक्य

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 15 नवंबर, 2026, साल-2, अंक-110, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

पंजाब सरकार ने शुरू किया 'पंजाब का करोड़पति' कार्यक्रम

10 हजार बच्चों को मिलेंगे पुरस्कार,15 से 30 वर्ष तक के युवा ले सकेंगे हिस्सा

- **प्रतियोगिता में स्कूलों पर रहेगा विशेष फोकस, प्रत्येक स्कूल में नियुक्त किया जाएगा नोडल अधिकारी**
- **28 नवंबर तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन**

चंडीगढ़, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

टेलीविजन पर अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठकर करोड़पति बनने का सपना देखने वालों के लिए अब पंजाब में भी ऐसा ही एक अनोखा अवसर मिलने जा रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां सवालों के जवाब किसी स्टूडियो में बैठकर नहीं, बल्कि मोबाइल और पोर्टल के माध्यम से देने होंगे।

पंजाब के युवा अब 'कौन बनेगा करोड़पति' की तर्ज पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता 'पंजाब का करोड़पति' में हिस्सा लेकर एक करोड़ रुपये जीत सकते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता का पोर्टल लॉन्च किया। इस प्रतियोगिता में 15 से 30 वर्ष तक के युवा हिस्सा ले सकेंगे। खास बात यह है कि इसमें केवल मनोरंजन और पुरस्कार जीतने का ही मौका नहीं मिलेगा, बल्कि युवाओं को पढ़ाई और सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी मदद मिलेगी। यानी सवालों के जवाब देते-देते युवा अपना ज्ञान बढ़ा सकेंगे और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे।

पंजाब का इतिहास, विरासत और भूगोल से जुड़े सवाल भी पूछे जाएंगे

इस प्रतियोगिता में सवालों का दायरा काफी व्यापक रखा गया है। इसके लिए लगभग 50 हजार सवालों का प्रश्न बैंक तैयार किया गया है। इसमें पंजाब के इतिहास, संस्कृति, विरासत, गणित, भौगोलिक मानचित्रों और पंजाब सरकार से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। सवालों का स्तर अलग-अलग रैंक के हिसाब से निर्धारित होगा। जैसे-जैसे प्रतिभागी अगले राउंड में पहुंचेंगे, सवाल बदलते जाएंगे और उनका कठिनाई स्तर भी बढ़ता जाएगा।

इस प्रतियोगिता की एक और खासियत यह है कि इसमें बड़ी संख्या में ऐसे सवाल शामिल किए गए हैं, जो सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में पूछे जाते हैं। पटवारी, पुलिस कांस्टेबल, पीसीएस, एसडीओ समेत विभिन्न सरकारी पदों की परीक्षाओं से जुड़े सवाल भी इसमें शामिल किए गए हैं। ऐसे में युवा खेल-खेल में अपनी तैयारी को परख सकेंगे।



11 राउंड में तय होगा करोड़पति बनने का सफर

'पंजाब का करोड़पति' प्रतियोगिता कुल 11 राउंड में आयोजित की जाएगी। पहले नौ राउंड ऑनलाइन होंगे। इनमें प्रतिभागियों को पोर्टल पर दिए गए सवालों के जवाब देने होंगे। सवाल 'कौन बनेगा करोड़पति' की तर्ज पर चार विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। हर सही जवाब के साथ प्रतिभागी अगले चरण की ओर बढ़ेंगे और आगे के राउंड में सवालों का स्तर भी बदलता जाएगा। दसवां और ग्यारहवां राउंड ऑफलाइन यानी आमने-सामने आयोजित होगा। दसवें राउंड में जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। पंजाब के सभी 23 जिलों के प्रतिभागियों के बीच मुकाबला करवाया जाएगा। प्रत्येक जिले के शीर्ष प्रतिभागी ग्रैंड फिनाले में पहुंचेंगे, जहां एक करोड़ रुपये के विजेता का फैसला होगा।

एक करोड़ के साथ चार उपविजेताओं को मिलेंगे 10-10 लाख रुपये

प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण इसका पुरस्कार ढांचा है। फाइनल जीतने वाले प्रतिभागी को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, चार उपविजेताओं को 10-10 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में शीर्ष रैंक हासिल करने वाले 10 हजार प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। यानी ग्रैंड फिनाले तक नहीं पहुंच पाने वाले युवाओं के पास भी इनाम जीतने का मौका रहेगा।

17 नवंबर को स्कूल प्रमुखों को दी जाएगी जानकारी

विभाग की ओर से 17 नवंबर को सुबह 10 बजे यूट्यूब लाइव ओरिएंटेशन सत्र भी आयोजित किया जाएगा। इसमें स्कूल प्रमुखों को प्रतियोगिता के प्रारूप, विद्यार्थियों की पात्रता, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और स्कूलों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

रजिस्ट्रेशन 14 नवंबर से शुरू होकर 28 नवंबर तक चलेगा

1 जनवरी 2027 को 15 से 30 वर्ष की आयु वाले पंजाब के निवासी या पंजाब के शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे। विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी निर्देशों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर पालन सुनिश्चित करने और इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

स्कूलों-कॉलेजों और अभिभावकों से रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पोर्टल लॉन्च करते हुए स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक युवाओं का रजिस्ट्रेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के लिए सीखने, अपना ज्ञान बढ़ाने और पुरस्कार जीतने का अनोखा अवसर है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को मनोरंजन के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संदेश दिया कि वे 'पंजाब का करोड़पति' प्रतियोगिता में हिस्सा लें, पंजाब से जुड़े सवालों के जवाब दें, अपना ज्ञान बढ़ाएं और पुरस्कार जीतें। पोर्टल लॉन्च होने के साथ ही प्रतियोगिता की जानकारी और आगे की प्रक्रिया ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जाएगी।

पंजाब में ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़

हेरोइन और हथियारों के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार



अमृतसर, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले दो नेटवर्कों का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है-जिनमें 2 नाबालिग भी शामिल हैं-और उनके पास से 5 अवैध पिस्तौल, 9 जिंदा कारतूस और 4 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। इस नेटवर्क का पर्दाफाश करने के दौरान, पुलिस ने हत्या के प्रयास और लूटपाट से जुड़े एक मामले को भी सुलझा लिया है। यह जानकारी DGP गौरव यादव ने दी। मामले की आगे की जांच चल रही है। पुलिस अन्य साथियों की पहचान करने, सप्लाई चेन (पीछे और आगे के लिंक) का पता (शेष पेज 2 पर)

पंजाब-तीर्थ यात्रा स्कीम की 2 बसें आपस में टकराईं 2 महिलाओं समेत 5 श्रद्धालुओं की मौत

80 सवार थे, गोल्डन टेंपल से माथा टेककर लौटते वक्त हादसा

तरनतारन, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के तरनतारन में शनिवार को नेशनल हाईवे-54 पर तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में 5 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। दोनों बसें तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत यात्रियों को लेकर जा रही थीं। इनमें करीब 80 लोग सवार थे।

एक बस के श्रद्धालु अमृतसर के गोल्डन टेंपल में माथा टेककर लौट रहे थे। जबकी दूसरी बस हरिके से अमृतसर जा रही थी। इसी दौरान नौशहरा पन्नूआं के पास मोटरसाइकिल सवारों को बचाने की कोशिश में एक बस का संतुलन बिगड़ गया। बस डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ पहुंच गई और



सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, शाम करीब 4 बजे एक बस के सामने अचानक मोटरसाइकिल सवार आ गए। उन्हें बचाने के प्रयास में ड्राइवर बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस डिवाइडर पार करते हुए दूसरी तरफ चली गई, जहां सामने से आ रही दूसरी बस से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

बता दें कि एक बस फिरोजपुर से श्रद्धालुओं को लेकर अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल के दर्शन करवाने गईं थीं। लौटते वक्त नौशहरा पन्नूआं के (शेष पेज 2 पर)

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी



नई दिल्ली, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर ट्रैफिक जाम, यूपी-राजस्थान, उत्तराखंड में बारिश का अलर्ट; दिल्ली में एक्यूआई 414 पहुंचा**

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से देश के कई राज्यों में मौसम बदल गया है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में आज और कल बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई जगह बर्फबारी और बारिश हुई है। बर्फबारी के बाद बड़ी संख्या में टूरिस्ट मनाली पहुंच रहे हैं। इसके चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे पर ट्रैफिक जाम लग गया। उत्तराखंड के 7 जिलों में आज बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में बदलाव के बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से राहत नहीं मिली है। यहां हवा की गुणवत्ता लगातार गंभीर कैटेगरी में बनी हुई है। शनिवार सुबह दिल्ली के ITO इलाके में एक्यूआई 414 दर्ज किया गया। वहीं, गुरुग्राम में यह 324 रहा।

कैथल सड़क दुर्घटना

पुलिया से टकराई कार, तीन चचेरे भाइयों की मौत, तीन गंभीर घायल

- **तीन और गंभीर जख्मी**

कैथल, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)




कैथल में शनिवार अलसुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पाई और सिसमौर गांव के बीच उस समय हुआ, जब छह युवक ऑल्टो कार में सवार होकर खेत से कैथल लौट रहे थे। रास्ते में नहर की पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर उससे जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके पुर्जे दूर तक बिखर गए।

परिजनों के अनुसार, गांव करोड़ा के युवक परिवार के एक सदस्य के साथ खेत में धान की कटाई का काम पूरा करने के बाद रात करीब दो बजे कैथल में नरेंद्र के घर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान सामने से आ रही एक गाड़ी की तेज रोशनी चालक नरेंद्र की आंखों में पड़ी। इससे वह सड़क पर नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार कार सीधे नहर की पुलिया से टकराकर पलट गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कार में फंसे युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक तीन युवकों की मौत हो चुकी थी। (शेष पेज 2 पर)

ज़ीरकपुर-चंडीगढ़ फ्लाईओवर पर चलते हुए कैंटर में लगी आग



ज़ीरकपुर, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

आज ज़ीरकपुर-चंडीगढ़ फ्लाईओवर पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चलते हुए एक कैंटर (ट्रक) में अचानक आग लग गई। गाड़ी से आग की लपटें उठती देख वहां से गुजर रहे लोग घबरा गए। इस घटना के कारण फ्लाईओवर पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और ट्रैफिक बुरी तरह प्रभावित हुआ।

ड्राइवर बॉबी ने बताया कि वह डेराबस्सी से चंडीगढ़ की ओर जा रहा था, तभी गाड़ी के सेंसर ने तापमान बढ़ने का संकेत दिया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, उसने तुरंत कैंटर को सड़क के किनारे रोका और बाहर निकल आया। इसके कुछ ही देर बाद गाड़ी में आग लग गई। उसने बताया कि ट्रक खाली था और उसमें कोई सामान नहीं लदा था। आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस घटना की वजह से लगे लंबे ट्रैफिक जाम ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

भारत ने पाकिस्तान के मुंह से छीना मैच

नौवीं बार जीता अंडर-19 एशिया कप

- **मोहित ने आखिरी बॉल पर चौके से जीत दिलाई**

अल अमीरात, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पाकिस्तान जीत के करीब था, भारत की उम्मीदें लगभग टूट चुकी थीं। 338 रन जैसे टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया 252 रन पर 8 विकेट गंवा चुकी थी। पाकिस्तान को खिताब बचाने के लिए 51 बॉल पर सिर्फ 2 विकेट चाहिए थे, लेकिन तभी मोहित उल्वा ने ऐसी पारी खेली, जिसने मैच का नतीजा बदल दिया।

नंबर-10 पर बल्लेबाजी करने आए मोहित ने सिर्फ 26 गेंदों पर नाबाद 49 रन ठोक दिए। आखिरी ओवर में भारत को 8 रन चाहिए थे और हाथ में सिर्फ एक विकेट था। आखिरी गेंद पर 3 रन की जरूरत थी। मोहित ने गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाकर भारत को चैंपियन बना दिया।



अल अमीरात में इस जीत के साथ भारत ने नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 80 और आर्यवीर सहवाग के 58 रन बनाए। इसके बाद मोहित ने मानल चौहान के साथ 57 रन की साझेदारी कर उम्मीद जगाई। मानल के आउट होने के बाद चिगुरुपति वेंकट के साथ मोहित ने आखिरी विकेट के लिए 30 रन जोड़कर भारत को जीत दिला दी।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत आएंगे पाकिस्तानी मंत्री

- **एस.सी.ओ. के कार्यक्रम में शामिल होंगे; आखिरी बार बिलावल भुट्टो 2023 में आए थे**

नई दिल्ली, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पाकिस्तान के जलवायु मंत्री मुसादिक मसूद मलिक अगले सप्ताह भारत आएंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के मुताबिक मलिक 20 से 22 नवंबर तक नई दिल्ली में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भारत ने पाकिस्तान को एस.सी.ओ. का सदस्य होने के नाते कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया था। इसके लिए पिछले महीने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को आमंत्रित किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार होगा जब पाकिस्तानी मंत्री भारत आएंगे। इससे पहले मई 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी



एस.सी.ओ. की बैठक में शामिल होने गोवा आए थे।

एस.सी.ओ. सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम (सभ्यता संवाद कार्यक्रम) का पहला सत्र इस महीने के आखिर में नई दिल्ली में होगा। यह पहल पूरे यूरेशिया में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए भारत ने शुरू की है। भारत ने एस.सी.ओ. के सभी 10 सदस्य देशों को सभ्यता संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि भारत इस कार्यक्रम में (शेष पेज 2 पर)

पंजाब पुलिस ने अरविंद केजरीवाल को धमकी देने वाले व्यक्ति हरियाणा से गिरफ्तार किया

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को धमकी दी थी। आरोपी को रोहतक से गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान कोमल उर्फ 'कोबरा' जांगड़ा के रूप में हुई है। शनिवार को पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया और एक दिन की रिमांड हासिल की। पुलिस ने बताया कि अब आरोपी से कड़ी पूछताछ की जाएगी। वहीं, आरोपी के भाई तिलकराज के अनुसार, पंजाब पुलिस ने 12 नवंबर को रोहतक की शास्त्री कॉलोनी से (शेष पेज 2 पर)





नितिन नवीन 18 तारीख को जालंधर में 'समरसता यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे

नई दिल्ली, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब विधानसभा चुनावों को देखते हुए बीजेपी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। इसी सिलसिले में, पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन 18 नवंबर को जालंधर पहुंचेंगे और 'समरसता यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे।

यह यात्रा संत गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को समर्पित है। अनुसूचित जाति समुदाय पर केंद्रित यह यात्रा जालंधर से शुरू होगी और 5 दिसंबर को वाराणसी में संपन्न होगी। यह यात्रा सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 46 शहरों से होकर गुजरेगी, जिनमें पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

बीजेपी के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया, 'यह यात्रा 18 नवंबर को जालंधर में डेरा सचखंड बल्लां के पास से शुरू होगी। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन इसे हरी झंडी दिखाएंगे और इस मौके पर एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे।



पंजाब में रविदासिया समुदाय एक प्रमुख दलित सामाजिक-धार्मिक समूह है, जो 15वीं सदी के भक्ति आंदोलन के संत गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का पालन करता है। डेरा सचखंड बल्लां-जहां हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दौरा किया था-इस समुदाय के लिए सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली आध्यात्मिक केंद्र है।

जालंधर के पास बल्लां गांव में स्थित यह डेरा, समुदाय की एक अलग धार्मिक पहचान बनाने, सामाजिक कल्याण के कार्यों और राजनीतिक प्रभाव (शेष पेज 2 पर)

राहुल गांधी ने हैदराबाद में एक बाइक रैली में हिस्सा लिया



हैदराबाद, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **एक गिग वर्कर के स्कूटर पर पीछे बैठे; मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी नजर आए**

'तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम' (तेलंगाना गिग वर्कर सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजना) की शुरुआत से पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स के साथ एक बाइक रैली में हिस्सा लिया।

रैली में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कांग्रेस के अन्य नेता भी राहुल गांधी के साथ मौजूद थे। इस दौरान, राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी दोनों ही स्कूटर पर पीछे बैठे हुए दिखाई दिए।

यह रैली शहर के IT कॉरिडोर में स्थित सरकारी ऑडिटोरियम 'शिल्परामम' से शुरू हुई और मधापुर के जयाभेरी ग्राउंड्स पर जाकर खत्म हुई। राहुल गांधी ने वर्कर्स के साथ (शेष पेज 2 पर)

चावल खरीद घोटाले में सीबीआई कोर्ट का बड़ा फैसला

14 एफसीआई अधिकारियों समेत 30 लोग दोषी करार

मोहाली, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब में 2004-05 के दौरान हुए चावल खरीद घोटाले के लगभग दो दशक बाद, मोहाली की एक सीबीआई अदालत ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 30 लोगों को दोषी ठहराया है, जिनमें भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के 14 अधिकारी और 16 निजी राइस मिल मालिक शामिल हैं। अदालत ने इन दोषियों को एक से तीन साल तक की कठोर कैद की सजा सुनाई है और उन पर जुर्माना भी लगाया है।

सीबीआई द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इन लोगों को आपराधिक साजिश रचने और धोखाधड़ी के आरोप में दोषी ठहराया गया है। इसके अलावा, एफसीआई के 14 अधिकारियों को 'भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988' के प्रावधानों के तहत सजा सुनाई गई है।

यह मामला 2004-05 के खरीफ विपणन सीजन के दौरान मलेरकोटला, सुनाम और टापा में



स्थित एफसीआई खरीद केंद्रों से जुड़ा है। आरोप था कि एफसीआई अधिकारियों और निजी राइस मिल मालिकों ने मिलीभगत करके खराब गुणवत्ता वाले चावल को 'ग्रेड-ए' मानक का बताकर स्वीकार करवा लिया। इसके चलते राइस मिल मालिकों को (शेष पेज 2 पर)

खालसा कॉलेज माहिलपुर में अंतर-ज़ोनल युवक एवं विरासत मेला शानो-शौकत के साथ संपन्न

ओवरऑल ट्रॉफी खालसा कॉलेज फॉर वुमन, लुधियाना ने जीती



पैग़ाम-ऐ-जगत
हुशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के अधीन चल रहे कॉलेजों के ज़ोनल मुकाबलों में विजेता रहे विद्यार्थियों की विभिन्न रचनात्मक, कलात्मक और विरासत से जुड़ी गतिविधियों को लेकर आयोजित चार दिवसीय अंतर-ज़ोनल युवक एवं विरासत मेला सिख एजुकेशनल कौंसिल के प्रबंधों के अधीन चल रहे श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज, माहिलपुर में आज यादगार पैरां छोड़ता संपन्न हो गया।

इस युवक मेले के पुरस्कार वितरण समारोह में पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने भाग लिया। उनके साथ पंजाब विधानसभा के उपाध्यक्ष जय कृष्ण सिंह रौड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि कुलतार सिंह संधवां ने ज़ोनल और अंतर-ज़ोनल युवक मेले के आयोजन के लिए कॉलेज की प्रबंधकीय कमेटी, प्रधानाचार्य और स्टाफ को बधाई दी तथा अपने विवेकाधीन कोटे से कॉलेज को पाँच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास में ऐसे युवक मेले बड़ी भूमिका निभाते हैं।

युवक मेले के तीसरे दिन के बाद दोपहर के सत्र में उपायुक्त हुशियारपुर आशिका जैन ने भाग लिया और विद्यार्थियों की नाट्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व राज्यसभा सदस्य अविनाश राय खन्ना ने विद्यार्थियों को अपनी भाषा और कला को संभालने का आह्वान किया तथा कॉलेज के उत्कृष्ट आयोजन की प्रशंसा की।

इस अवसर पर युवक मेले की अध्यक्षता मंडल में सिख एजुकेशनल कौंसिल के अध्यक्ष संत साधू सिंघ कहारपुर, प्रबंधक इंदरजीत सिंह भारता, महासचिव प्रो. अपिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। युवक मेले के दौरान कॉलेज के पूर्व छात्र और युवा नेता अमरप्रीत सिंह लाली ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए भागीदार विद्यार्थियों की प्रशंसा की। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. परविंदर सिंह ने उपस्थित मेहमानों सहित विभिन्न कॉलेजों से आए प्रधानाचार्यों, स्टाफ और भागीदार विद्यार्थियों का धन्यवाद किया तथा समारोह के सफल आयोजन के लिए कॉलेज की प्रबंधकीय कमेटी और पंजाब विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया।

ओवरऑल ट्रॉफी के विजेता

इस अवसर पर ओवरऑल ट्रॉफी खालसा कॉलेज फॉर वुमन, सिविल लाइंस, लुधियाना ने जीती, जबकि देव समाज कॉलेज फॉर वुमन, फिरोज़पुर ने दूसरा और सरकारी कॉलेज हुशियारपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

युवक मेले में पूर्व वीसी डॉ. धर्मजीत सिंह, प्रवासी भारतीय दलजीत सिंह सहोता, मोहन लाल फाउंडेशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह धालीवाल, युवा सेवाएं विभाग के पूर्व निदेशक डॉ. निर्मल जौड़ा, प्रधानाचार्य कमलजीत धालीवाल, सिनेटर डॉ. इंदरपाल सिंह सिद्धू, पूर्व सिनेट सदस्य डॉ. गुरदीप शर्मा, सिनेटर डॉ. जगतार सिंह, प्रधानाचार्य तरलोक सिंह बंधू, प्रधानाचार्य पवन कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह, एसडीएम संजीव कुमार, तहसीलदार लवप्रीत सिंह, अरविंदर सिंह हवेली, कुलविंदर सिंह जंडा, जगजीवन सिंह सेवानिवृत्त डीएफओ, कुलतरनजीत सिंह, राजविंदर समराला, संजीव भारद्वाज, प्रधानाचार्य बी.एस. जमवाल, प्रधानाचार्य डॉ. रोहतांश, प्रबंधकीय सचिव डॉ. विक्रांत राणा, डॉ. देव कुमार, प्रो. अराधना दुग्गल सहित समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ तथा विभिन्न कॉलेजों के प्रभारी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वेटरनरी यूनिवर्सिटी 17 नवंबर से दो चरणों में आयोजित करेगी युवा मेला 'युव-तरंग 2026'

लुधियाना, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

गुरु अंगद देव वेटरनरी एवं एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी, लुधियाना द्वारा अपने वार्षिक युवा मेले 'युव-तरंग 2026' के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह मेला 17 से 20 नवंबर तथा 1 से 3 दिसंबर, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। दो चरणों में आयोजित होने वाले इस रंगारंग सांस्कृतिक समारोह में विद्यार्थी अपनी कलात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक विरासत, बौद्धिक क्षमता और विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन करेंगे।

डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल, वाइस चांसलर ने कहा कि युवा मेला विद्यार्थियों के लिए अपनी क्षमताओं को पहचानने, नए अवसर तलाशने तथा पाठ्यक्रम से इतर कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों को केवल ट्रॉफियां जीतने की प्रतियोगिताओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि ये प्रतिभा, रचनात्मकता, सहभागिता और आपसी सौहार्द की भावना का उत्सव मनाने के अवसर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, क्षमताओं को निखारेगा, संचार कौशल को मजबूत करेगा तथा जीवन के लिए मूल्यवान सीख प्रदान करेगा।

निदेशक विद्यार्थी कल्याण डॉ. जसपाल सिंह हुंदल ने बताया कि विद्यार्थियों में मेले को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और वे विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पूरी लगन से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने 'अखिल भारतीय कृषि एवं वेटरनरी विश्वविद्यालयों तथा अंतर-विश्वविद्यालय युवा मेलों' में उच्च स्थान प्राप्त करके और प्रतिष्ठित ट्रॉफियां जीतकर लगातार विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मेले का सुचारू संचालन, प्रभावशाली आयोजन और सफल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।उन्होंने युवा मेले का विस्तृत विवरण भी साझा किया।

पहला चरण

- 17 नवंबर को फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, शब्द गायन, भाषण व वाद-विवाद
- 18 नवंबर को पगड़ी बांधना, लंबी चोटी, कविता पाठ, हास रस व क्विज,
- 19 नवंबर को कार्टून मेकिंग, कोलाज मेकिंग, मेहंदी लगाना व कवीशरी
- 20 नवंबर को आन द स्पाट पेंटिंग, इंस्टालेशन, रंगोली, रचनात्मक लेखन, भाषण

दूसरा चरण

- 01 दिसंबर को उद्घाटन समारोह, लोक गीत, रचनात्मक नृत्य, सुगम संगीत और समूह गीत (भारतीय) का आयोजन होगा।
- 02 दिसंबर को माइम, स्किट, एकल नाटक, मिमिक्री और भांड
- 03 दिसंबर (समापन दिवस) को दर्शकों के सामने लोक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

सभ्याचार, विरासत और भाषा को बढ़ावा देने के लिए इस बार यूथ फेस्टिवल में कुछ नई गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। इन गतिविधियों में अलग-अलग तरह के नए मुकाबले रखे गए हैं, जिनमें लंबी चोटी, कवीशरी, पगड़ी बांधना, मेहंदी लगाना और परंपरागत पंजाबी पहरावा में स्टेज पर प्रदर्शन शामिल हैं। इन मुकाबलों का मकसद स्टूडेंट्स को उनके अमीर सभ्याचार, विरासत और भाषा से जोड़ना है।

डॉ. हुंदल ने कहा कि सम्पूर्ण युवा मेला अंतर-विश्वविद्यालय नियम एवं कानून के अनुरूप संचालित किया जायेगा।

डॉ. हुंदल ने आशा व्यक्त की कि छात्र और दर्शक इस युवा मेले का आनंद लेंगे और सुंदर, रंगीन और खुशी भरी यादें लेकर जाएंगे।

एस.एस.पी. तुषार गुप्ता ने खुद हॉट स्पॉट जगहों पर जाकर की चेकिंग, नशा तस्करों को दी सख्त चेतावनी

पैग़ाम-ऐ-जगत
नवांशहर 14 नवंबर (जतिंदरपाल सिंह कलेर /हरसिमरन जोत सिंह कलेर)

जिला शहीद भगत सिंह नगर के एस.एस.पी. तुषार गुप्ता ने आज हॉट स्पॉट जगह पर खुद अपने पुलिस अधिकारियों के साथ चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने महिंदीपुर और गहूंण रोड पर बने श्मशानघाट, वार्ड नंबर 10 और जगतपुरा रोड हॉट स्पॉट का बारीकी से निरीक्षण किया।



इस चेकिंग की कमान एस.एस.पी. तुषार गुप्ता के पास थी, जिनके साथ डी.एस.पी. हेमंत मल्होत्रा बलाचौर, एस.पी. मुख्यालय हरकमलप्रीत कौर, डी.एस.पी. सुरिंदर चांद और एस.एच.ओ. सिटी राज परविंदर कौर भी मौजूद थीं। इस मौके पर एस.एस.पी. ने इलाके के एम.सी., लोगों और मोहल्ला वासियों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि पुलिस की काफी ज्यादा प्रभावशाली गश्त होने के कारण यहां नशे का कारोबार करने वाले खत्म हो गए हैं। इस मौके पर नगर काउंसिल के प्रधान लाडी राणा, महिंदीपुर के एम.सी. और इलाके के किसान भाई भी मौजूद थे, जिन्होंने बताया कि पहले यहां नशा बिकता था, लेकिन अब पुलिस की मुस्तैदी और लगातार गश्त के कारण कोई भी तस्कर यहां नहीं आता।

एस.एस.पी. साहब ने सारी स्थिति की खुद बारीकी से जांच की और सख्त चेतावनी दी कि जो भी कोई यहां किसी भी हालात में गलत काम करता पकड़ा गया, उसे किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा।

आत्मसुख आत्मदेव आश्रम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सागर और अमनदीप कौर को डॉ. मल्लिका नड्डा ने किया सम्मानित

दिव्यांगजनों को अस्पतालों में प्राथमिकता से उपचार का कानूनी अधिकार दिलाने हेतु सौंपा ज्ञापन

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

पंजाब राज्य स्पेशल ओलंपिक्स-2026 के अंतर्गत 13 से 15 नवंबर, 2026 तक गुरु नानक पब्लिक स्कूल, सराभा नगर, लुधियाना में आयोजित विशेष खेलों का उद्घाटन स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा की धर्मपत्नी डॉ. मल्लिका नड्डा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

इस अवसर पर उन्होंने आत्मसुख आत्मदेव आश्रम (फॉर लिविंग गॉड्स), पुरानी कनक मंडी, होशियारपुर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सागर और अमनदीप कौर को उनकी उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय खेल उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि सागर ने पेरिस में आयोजित यूनिफाइड फुटबॉल विश्व कप-2026 में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि अमनदीप कौर ने बेल्जियम एवं नीदरलैंड में आयोजित एफआईएच पैरा हॉकी विश्व कप-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व किया।



पंजाब राज्य स्पेशल ओलंपिक्स के पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों को विशेष सम्मान देते हुए सुसज्जित बग्घी में सवार करवाकर लुधियाना शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में पंजाब के विभिन्न जिलों से आए विशेष खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं स्पेशल ओलंपिक्स संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह सम्मान समूचे होशियारपुर के लिए गौरव का विषय है।

आश्रम के अध्यक्ष नवदीप सूद ने कहा कि संसद द्वारा पारित दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 25(1)(ष) के अंतर्गत दिव्यांगजनों को अस्पतालों में प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा सेवाएं एवं उपचार प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है। लगभग 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद इस प्रावधान का देशभर में प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया है।

इस अवसर पर आत्मसुख आत्मदेव आश्रम की ओर से डॉ. मल्लिका नड्डा को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें अनुरोध किया गया कि वे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से प्रभावी अनुवर्ती कार्रवाई करवाकर मंत्रालय के पत्र संख्या स्व. ह्श.-14020/23/2026, दिनांक 05-10-2026 में जारी निर्देशों का देशभर में वास्तविक क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाने में सहयोग प्रदान करें। डॉ. मल्लिका नड्डा की सक्रिय पहल देशभर के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में इस कानूनी प्रावधान को धरातल पर लागू करवाने तथा करोड़ों दिव्यांगजनों को उनका अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

डायबिटीज चुपचाप किडनी को पहुंचा सकती है नुकसान: डॉ. अमनिंदर कौर

नवांशहर, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

डायबिटीज से होने वाली किडनी की बीमारी एक ऐसी गंभीर जटिलता है, जिसके शुरुआती लक्षण अक्सर दिखाई नहीं देते। समय रहते इसकी पहचान और उपचार न होने पर यह धीरे-धीरे किडनी की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है और गंभीर स्थिति में किडनी फेल्योर का कारण बन सकती है।'

लिवासा हॉस्पिटल्स, नवांशहर की कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी, डॉ. अमनिंदर कौर ने कहा कि नियमित किडनी जांच, विशेष रूप से यूरिन एल्ब्यूमिन और किडनी फंक्शन टेस्ट के माध्यम से बीमारी का शुरुआती चरण में पता लगाया जा सकता है। इसके साथ ही ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को प्रभावी ढंग से नियंत्रित रखना किडनी को होने वाले नुकसान को रोकने या उसकी गति को धीमा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



उन्होंने डायबिटीज से पीड़ित लोगों को नियमित मेडिकल जांच करवाने, किडनी के अनुकूल जीवनशैली अपनाने और किडनी के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए समय पर नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श लेने की सलाह दी।

डॉ. कौर ने आगे बताया कि डायबिटीज क्रॉनिक किडनी डिजीज के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है। लंबे समय तक ब्लड शुगर का स्तर बढ़ा रहने से किडनी की बेहद बारीक रक्त वाहिकाओं और रक्त को फिल्टर करने वाली इकाइयों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके परिणामस्वरूप पेशाब में प्रोटीन आने लगता है, किडनी की कार्यक्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है और गंभीर मामलों में मरीज को डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता पड़ सकती है। समय पर बीमारी की पहचान के महत्व पर जोर देते हुए डॉ. कौर ने कहा कि डायबिटीज से होने वाली किडनी की बीमारी शुरुआती चरणों में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के विकसित होती रहती है। बीमारी बढ़ने पर पैरों, टखनों या आंखों के आसपास सूजन, पेशाब करने की आदतों में बदलाव, थकान, भूख में कमी और मतली जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी तरह के लक्षण दिखाई न देना इस बात की गारंटी नहीं है कि किडनी पूरी तरह स्वस्थ है। इसलिए डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए नियमित किडनी स्क्रीनिंग और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप बेहद जरूरी है, ताकि किडनी को होने वाले नुकसान का शुरुआती चरण में पता लगाकर बीमारी को बढ़ने से रोका जा सके।

आढ़तियों और किसानों का नाखून-मांस का रिश्ता, आपसी विश्वास और सहयोग बनाए रखना जरूरी: डॉ. इशांक कुमार

- चब्बेवाल की मंडियों में मटर की खरीद के रेट और लिफ्टिंग को लेकर पैदा हुआ विवाद आपसी बातचीत से सुलझा

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र की मंडियों में किसानों और आढ़तियों के बीच मटर की खरीद के रेट और लिफ्टिंग को लेकर पैदा हुए विवाद को आपसी बातचीत और समझदारी से सुलझा लिया गया है। इस संबंध में विधायक डॉ. इशांक कुमार ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के प्रयास किए और संबंधित सरकारी अधिकारियों के साथ भी तालमेल स्थापित किया।

इस मौके पर डॉ. इशांक कुमार ने कहा कि किसानों और आढ़तियों का रिश्ता बहुत पुराना और आपसी विश्वास पर आधारित है। यह नाखून-मांस का रिश्ता है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि दोनों के बीच आपसी सहयोग और सद्भावना बनी रहे, ताकि मंडियों का कामकाज सुचारू रूप से चलता रहे।



उन्होंने विश्वास जताया कि किसान और आढ़ती हमेशा की तरह भविष्य में भी आपसी सूझबूझ से हर समस्या का समाधान निकालते रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने संबंधित आढ़तियों और किसानों से स्वयं बातचीत की है तथा दोनों पक्षों को भरोसा दिलाया है कि उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने बताया कि उन्होंने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक और मंडी सचिव सहित संबंधित सरकारी अधिकारियों से भी बातचीत की है। उन्होंने अधिकारियों को मंडियों में खरीद और लिफ्टिंग की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और आढ़तियों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। डॉ. इशांक कुमार ने उम्मीद जताई कि किसानों, आढ़तियों और प्रशासन के आपसी सहयोग से मंडियों में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा और आने वाले समय में भी खरीद प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के जारी रहेगी।

राकेश सोमन ने पंजाब सरकार की जनहितैषी नीतियों की सराहना की, शाम चौरासी से 'आप' टिकट के मजबूत दावेदार के रूप में उभरे

- भगवंत मान सरकार की दोबारा वापसी का जताया विश्वास; स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली राहत और विकास कार्यों को बताया जनता के भरोसे का आधार

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

आम आदमी पार्टी के शाम चौरासी, जिला होशियारपुर से वरिष्ठ नेता राकेश सोमन ने पंजाब की भगवंत मान सरकार की जनहितैषी नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, मुफ्त बिजली, महिला कल्याण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से आम जनता को लाभ मिल रहा है।

एक प्रेस बयान में सोमन ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक, मुख्यमंत्री सेहत योजना और विभिन्न विकास परियोजनाओं के माध्यम से सरकार ने आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में जनता एक बार फिर आम आदमी पार्टी को समर्थन देगी।

आम आदमी पार्टी ने अभी तक शाम चौरासी विधानसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। इस बीच राकेश सोमन को पार्टी टिकट के मजबूत संभावित दावेदारों में देखा जा रहा है। वह पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए दिन-रात सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि राकेश सोमन पहले बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए थे और 2024 के लोकसभा चुनाव में होशियारपुर से BSP के उम्मीदवार थे। 8 मई 2024 को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में वह आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनका पार्टी में स्वागत किया था।

'आप' में शामिल होने के बाद से सोमन लगातार पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और शाम चौरासी क्षेत्र में पार्टी की स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने शाम चौरासी में घोषित 9.18 करोड़ रुपये के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर प्रोजेक्ट का भी उल्लेख करते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और ग्रामीण विकास क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राथमिकताएं हैं।

हालांकि शाम चौरासी से उम्मीदवार के संबंध में अंतिम निर्णय आम आदमी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही करेगा, लेकिन राकेश सोमन की सक्रिय राजनीतिक भूमिका, संगठन के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर पर जनसंपर्क उन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए एक महत्वपूर्ण संभावित दावेदार बनाते हैं।

आज खुल रहे शहीद स्मारक की पहली टिकट की प्रिंट कॉपी आज देर शाम उर्जा मंत्री अनिल विज को प्रदान की गई

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 14 नवंबर (आर. सिंह)

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में 1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक का आज देर शाम दौरा किया। इस दौरान उन्हें शहीद स्मारक की पहली टिकट की प्रिंट कॉपी प्रदान की गई। गौरतलब है कि शहीद स्मारक रविवार 15 नवंबर को हवन के उपरांत जनता के लिए खोल दिया जाएगा।



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज देर शाम स्मारक में प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए किए गए प्रबंधों को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और सुनिश्चित किया कि यहां आने वाले लोगों को दुविधा न हो। मंत्री अनिल विज ने इस दौरान स्मारक पर मौजूद स्टाफ से भी चर्चा की व दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शहीद स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी व अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि गत 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने शहीद स्मारक का लोकार्पण किया था जिसके बाद अब रविवार से स्मारक जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

पेज एक का शेष

हेरोइन और हथियारों...

लगाने और अवैध हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल बड़े आपराधिक नेटवर्कों को खत्म करने के लिए काम कर रही है। पंजाब पुलिस अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्कों को खत्म करने और पंजाब को सुरक्षित व नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंजाब-तीर्थ यात्रा...

पास हादसा हो गया। इसमें 37 लोग सवार थे। वहीं, दूसरी बस हरिके से अमृतसर जा रही थी, इसमें करीब 50 लोग सवार थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों की टक्कर होते ही धमाके जैसी आवाज सुनाई दी।

पुलिया से टकराई...

मृतकों की पहचान नवदीप (19), प्रदीप (27) और अजय (22) के रूप में हुई है। तीनों गांव करोड़ा के निवासी और आपस में चचेरे भाई थे। हादसे में शाहिल, अर्जुन और कार चला रहा नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शाहिल की जांघ की हड्डी टूट गई, जबकि अर्जुन की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। नरेंद्र के मुंह और बाजू में चोटें आई हैं। तीनों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के...

सभी सदस्य देशों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। नई दिल्ली में 20 से 22 नवंबर तक होने वाली इस समिट में अलग सभ्यताओं, संस्कृतियों के बीच बातचीत और आपसी संपर्क बढ़ाने पर चर्चा होगी। इस कार्यक्रम की घोषणा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 20 अक्टूबर को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में की थी। उस समय वे एस.सी.ओ. की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे।

पंजाब पुलिस ने...

कोमल को हिरासत में लिया था; परिवार को उसकी गिरफ्तारी के कारणों का पता बाद में चला। यह भी पता चला है कि कोमल मूल रूप से रोहतक के समरगोपालपुर कलां गांव का रहने वाला है और पिछले कुछ वर्षों से अपने परिवार के साथ अमृत कॉलोनी में रह रहा था। खबरों के मुताबिक, आरोपी रोहतक में डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में क्लर्क के तौर पर काम करता था, लेकिन करीब छह महीने पहले उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। बताया जाता है कि उसे अपना नाम पसंद नहीं था, इसलिए उसने अपना नाम बदलकर 'कोबरा' रख लिया था। गौरतलब है कि यह मामला दिल्ली के तिलक नगर से आम आदमी पार्टी (क्क) के विधायक जरनैल सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। विधायक ने पुलिस को बताया कि 6 नवंबर को शाम करीब 6:00 बजे उन्हें एक अनजान नंबर से फोन आया और व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा संदेश भी मिला। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की और कॉल डिटेल तथा लोकेशन डेटा की मदद से रोहतक निवासी कोमल उर्फ 'कोबरा' को पकड़ लिया।

नितिन नवीन 18...

को आकार देने में अहम भूमिका निभाता रहा है। पंजाब में रविदासिया समुदाय को राजनीतिक रूप से एक निर्णायक समूह माना जाता है, और वर्षों से सभी राजनीतिक दल इनका समर्थन हासिल करने की कोशिश करते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस आयोजन से जुड़े कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रहे हैं। वाराणसी, जो प्रधानमंत्री का अपना लोकसभा क्षेत्र भी है, संत रविदास जी की जन्मस्थली है।

राहुल गांधी ने...

रैली में हिस्सा लिया। 'गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम' की शुरुआत के मौके पर गिग वर्कर्स को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठाने का अपना वादा पूरा कर रही है। राहुल गांधी ने कहा, 'मैं तेलंगाना में गिग वर्कर्स से मिला था। आपने मेरे साथ अपना दर्द और मुश्किलें साझा कीं। उस समय, कांग्रेस पार्टी ने-हमारे मुख्यमंत्री और हम सभी के साथ मिलकर-आपसे वादा किया था कि हम आपकी मांगों पर काम करेंगे और आपकी मदद करने व आपको सुरक्षा देने की हर संभव कोशिश करेंगे। आज, हम उसी वादे को पूरा कर रहे हैं।'

14 एफसीआई अधिकारियों...

अनुचित भुगतान मिला और एफसीआई को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा।

यह गड़बड़ी सितंबर 2005 में सीबीआई द्वारा की गई औचक जांच के दौरान सामने आई। चावल के नमूनों की प्रयोगशाला जांच से पुष्टि हुई कि उनकी गुणवत्ता तय मानकों के अनुरूप नहीं थी। इसके बाद, सीबीआई ने 7 जनवरी 2006 को मामला दर्ज किया। जांच पूरी होने पर, 28 नवंबर 2008 को अदालत में तीन अलग-अलग आरोप-पत्र (चार्जशीट) दाखिल किए गए।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

उपमुख्यमंत्री 15 नवंबर को हरोली में वीर सैनिक सामुदायिक भवन की रखेंगे आधारशिला

ऊना, 14 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 15 नवंबर को दोपहर बाद करीब 12:15 बजे हरोली में वीर सैनिक सामुदायिक भवन की आधारशिला रखेंगे। करीब 3.50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस भवन में सैनिकों और पूर्व सैनिकों को बैठकों, कार्यक्रमों तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा। यह जानकारी

- **हरोली-नई दिल्ली वोल्वो बस सेवा को दिखाएंगे हरी झंडी, 14 ई-रिक्शा भी करेंगे रवाना**

सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले उपमुख्यमंत्री सुबह 11 बजे हरोली बस स्टैंड से हरोली-नई दिल्ली वोल्वो बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे खंड विकास अधिकारी कार्यालय, हरोली से 14 ई-रिक्शा भी रवाना करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों को नागरिक जीवन में भी उचित सम्मान और सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसी सोच के साथ रामपुर पुल के समीप विकसित की जा रही न्यू हरोली की परिकल्पना में पूर्व सैनिक भवन को शामिल किया गया है। घालुवाल चौक में भारतीय सेना का टैंक स्थापित करने के पीछे भी यही भावना है, ताकि युवा पीढ़ी देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान से प्रेरणा ले सके। हरोली से नई दिल्ली के लिए वोल्वो बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को दिल्ली आने-जाने की बेहतर सुविधा मिलेगी। ई-रिक्शा के संचालन से स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने 14वें डॉ. अमरजीत सिंह खैरा मेमोरियल सालाना स्पोर्ट्स फेस्टिवल का उद्घाटन किया

मोहाली (पैग़ाम-ऐ-जगत)



आज मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के 14वें स्पोर्ट्स फेस्टिवल का उद्घाटन एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ब्रिगेडियर जेएस जगदेव ने ख़ल्सा सेंटर, सेक्टर-68, मोहाली में झंडा फहराकर किया। इस मौके पर उन्होंने एसोसिएशन के मेंबर्स का स्पोर्ट्स के प्रति जोश देखकर उनकी तारीफ की और उनका हौसला बढ़ाया।

पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सेक्रेटरी पब्लिक रिलेशन्स हरिंदर पाल सिंह हैरी ने बताया कि ख़ल्सा की तरफ से 14 नवंबर से 22 नवंबर तक हुए स्पोर्ट्स फेस्टिवल के पहले दिन एसोसिएशन के मेंबर्स में काफी जोश था। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ब्रिगेडियर जेएस जगदेव ने वहां मौजूद मेंबर्स में हिस्सा लेने वाले प्लेयर्स का खास तौर पर धन्यवाद किया और उनका हौसला बढ़ाया।

इसके बाद पार्टिसिपेंट्स ने खेलना शुरू किया। गेम्स की शुरुआत टेबल टेनिस के गेम से हुई, इस गेम के कन्वीनर मिस्टर कमल ग्रोवर थे। इवेंट्स सेक्रेटरी मिस्टर हरजिंदर सिंह ने कन्वीनर मिस्टर कमल ग्रोवर और एसके बी एस गुलाटी द्वारा इस गेम के अच्छे से कंडक्ट करने की तारीफ़ की। टेबल टेनिस मैच के नतीजे

पुरुष 60 प्लस
पहला - रतन सिंह
दूसरा - चरणजीत सिंह क्लेर

पुरुष 70 प्लस
पहला - रतन सिंह
दूसरा - हरजिंदर सिंह

पुरुष 80 प्लस
पहला - हरकीरत सिंह
दूसरा - बलबीर सिंह

महिला सिंगल्स
पहला - डॉ. बलविंदर राणा
दूसरा - श्रीमती मनजीत जगदेव

पुरुष डबल्स
पहला - हरजिंदर सिंह और रतन सिंह
दूसरा - जे. पी. एस. ग्रोवर और कैप्टन बलवंत गुरने

इस मौके पर, एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट श्री जरनैल सिंह, जनरल सेक्रेटरी श्री सुखविंदर सिंह बेदी, श्री गुरदीप सिंह चीफ कन्वीनर (स्पोर्ट्स), श्री जी. एस. बिंद्रा, श्री आर. पी. सिंह विग, डॉ. जंग सिंह रामगढ़िया, श्री निरंजन सिंह खास तौर पर स्पोर्ट्स फंक्शन में मौजूद थे। इवेंट्स सेक्रेटरी श्री हरजिंदर सिंह ने फंक्शन को बहुत अच्छे से चलाया। एसोसिएशन के सेक्रेटरी, श्री बी.बी. गुप्ता ने वहां मौजूद सभी मेंबर्स के लिए रिफ्रेशमेंट का खास इंतज़ाम किया था।

नशे के अवैध कारोबार पर करनाल पुलिस का करारा प्रहार, 358 आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
14 नवंबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने, नशा तस्करी में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने तथा युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत करनाल पुलिस ने वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 13 नवंबर तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 196 मुकदमे दर्ज कर 358 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इन कार्रवाइयों के दौरान विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों एवं नशीली दवाइयों की भारी मात्रा बरामद की गई है।

- **युवाओं को नशे से बचाने और नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए करनाल पुलिस का अभियान लगातार जारी**

करनाल पुलिस द्वारा 1 जनवरी 2026 से 13 नवंबर 2026 तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 196 मुकदमे दर्ज किए गए और 358 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 508.059 किलोग्राम चूरा पोस्त, 603.46031 किलोग्राम गांजा पत्ती, 2.01507 किलोग्राम सुल्फा, 2.087245 किलोग्राम हेरोइन, 51.385 किलोग्राम अफीम के पौधे, 8,830 नशीली टैबलेट, 1,596 नशीले कैप्सूल और एक एमटीपी किट बरामद की गई।

करनाल पुलिस द्वारा नशा तस्करी के मामलों में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की विभिन्न टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर निगरानी रख रही हैं। नशे के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क की पहचान कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस ने आमजन से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें। यदि किसी व्यक्ति को अपने आसपास नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त या नशा तस्करी से संबंधित कोई जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

करनाल पुलिस का उद्देश्य जिले को नशामुक्त बनाना, युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना तथा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना है। नशे के खिलाफ करनाल पुलिस का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

करनाल पुलिस की कार्रवाई, मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
14 नवंबर, (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ सीआईए-1 की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है।

इस संबंध में एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक सुरेश गहलावत ने बताया कि टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके आरोपी प्रवीन कुमार पुत्र कृष्ण सिंह निवासी गांव गगसीना, थाना मुनक, जिला करनाल को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान थाना घरौंडा के क्षेत्र में दिनांक 8 नवंबर 2026 को मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इस संबंध में थाना घरौंडा में मुकदमा नंबर 629 दिनांक 08 नवंबर 2026, धाराबीएनएस के तहत मामला दर्ज है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान उक्त वारदात का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि आरोपी नशे की पूर्ति करने और पैसे कमाने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल चोरी करता था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पहले भी मोटरसाइकिल चोरी और लड़ाई-झगड़े के मामलों में जेल जा चुका है तथा हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। पुलिस टीम ने आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।



अवैध शराब तस्करी पर करनाल पुलिस की सख्त कार्रवाई

14 बोतल देसी शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 14 नवंबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना मधुबन की टीम ने अवैध रूप से देसी शराब रखने तथा उसकी बिक्री करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 14 बोतल देसी शराब बरामद की हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य सिपाही कृष्ण लाल ने बताया कि 13 नवंबर 2026 को वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव ऊंचा समाना-कुटेल रोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से देसी शराब बेच रहा है। सूचना के अनुसार, तुरंत छापेमारी करने पर उसे काबू किया जा सकता था।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत बताए गए स्थान पर छापेमारी की और मौके से आरोपी अजेय पुत्र जिले सिंह निवासी गांव ऊंचा समाना, करनाल को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से कुल 14 बोतल देसी शराब बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 13 नवंबर 2026 को थाना मधुबन में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी अधिनियम के तहत पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है तथा मामले में आगे की जांच और पूछताछ जारी है।

करनाल पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाला संकल्प मार्च

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
14 नवंबर (आर. सिंह)



पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने आज पेंशन बहाली संघर्ष समिति के बैनर तले अंबाला शहर में संकल्प

- **डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम सौंपा मांगपत्र**

मार्च निकाला। इसके साथ ही उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपकर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की।

इससे पहले विभिन्न विभागों के कर्मचारी और अधिकारी ऊर्जा भवन में एकत्रित हुए और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग करते हुए ओपीएस संकल्प मार्च निकाला। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री को संबोधित मांगपत्र सौंपा।

पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2006 में हरियाणा में पुरानी पेंशन प्रणाली बंद कर नई पेंशन योजना लागू कर दी गई थी। तभी से कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) बाजार आधारित योजना है, जिसमें कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभ की कोई गारंटी नहीं है। पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के बजाय सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीएस लागू करने से पहले कर्मचारी संगठनों से न तो कोई विचार-विमर्श किया गया और न ही योजना की कमियों पर चर्चा की गई। कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन, रैलियां और घेराव कर रहे हैं। इस मांग को लेकर दिल्ली में भी कई बड़ी रैलियां की गई हैं, लेकिन सरकार ने अब तक उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया। नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन के दबाव में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी और दो दौर की बातचीत भी हुई थी, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया बंद कर दी गई। समिति ने बातचीत दोबारा शुरू करने के लिए सरकार को कई पत्र भी लिखे हैं, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या किसी भी वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के साथ खुले मंच पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय नहीं लिया, तो देश और राज्यभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

एडीसी ने मैसर्स विंस एजुकेशन सर्विसेज का लाइसेंस रद्द किया

साहिबजादा अजीत सिंह नगर,
14 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन एक्ट, 2012 के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती गीतिका सिंह ने मैसर्स विंस एजुकेशन सर्विसेज फर्म का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मैसर्स विंस एजुकेशन सर्विसेज, एससीएफ नंबर 18, टॉप फ्लोर, फेज-3बी2, मोहाली के मालिकों को कंसल्टेंसी सेवाओं के लिए लाइसेंस नंबर 438/आईसी, दिनांक 17 मई 2021 को जारी किया गया था। फर्म के साझेदार रोहित कुमार, पुत्र श्री ईश्वर दास, निवासी गांव चौकी बलद्वारा, डाकघर सजाओ, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, वर्तमान पता मकान नंबर 900, पहली मंजिल, फेज-4, मोहाली; और वरुण देव, पुत्र श्री सुरिंदर कपूर, निवासी वार्ड नंबर 4, गांव खेहरियां, तहसील जवाली, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, वर्तमान पता मकान नंबर 1506, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-70, मोहाली हैं। इस लाइसेंस की वैधता 16 मई 2026 तक थी। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों और जांच रिपोर्टों के आधार पर फर्म को नोटिस जारी किया गया था। इसमें कंसल्टेंसी सेवाओं के बजाय टूरिस्ट वीजा और स्टडी वीजा संबंधी कार्य करने, पंजाब सरकार के गृह मामले विभाग, चंडीगढ़ को छमाही रिपोर्ट भेजने के बाद इसकी सूचना संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन करने के संबंध में जवाब मांगा गया था। हालांकि, आवेदकों ने अब तक न तो कार्यालय में कोई स्पष्टीकरण या सूचना प्रस्तुत की है और न ही लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आवेदन किया है। ऐसा करके आवेदकों और फर्म ने अधिनियम एवं नियमों का पूरी तरह उल्लंघन किया है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्धारित शर्तों का पालन न करने के कारण पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन एक्ट, 2012 की धारा 6(1)(ई) के तहत मैसर्स विंस एजुकेशन सर्विसेज का लाइसेंस नंबर 438/आईसी, दिनांक 17 मई 2021, तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। इसके अतिरिक्त, अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अनुसार भविष्य में यदि उक्त आवेदकों, फर्म या फर्म के मालिक के खिलाफ कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके निपटारे की पूरी जिम्मेदारी संबंधित आवेदकों, फर्म या उसके मालिक की स्वयं होगी।

हांसी पुलिस की सीआईए-2 ने झुग्गियों में गांजा बेचने वाली महिला को 500 ग्राम गांजा सहित किया गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशों में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत सीआईए-2 हांसी की टीम ने नई ऑटो मार्केट हांसी स्थित झुग्गियों के पीछे से एक महिला को 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

स उप नि सोमवीर ने जानकारी दी की सीआईए-2 हांसी के एएसआई सुशील कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए बस अड्डा हांसी के नजदीक मौजूद थे। इसी दौरान टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक महिला झुग्गियां ऑटो मार्केट हांसी,मे गांजा बेचने का काम करती है



और इस समय नई ऑटो मार्केट स्थित झुग्गियों के पीछे गांजा बेचने की फिराक में खड़ी है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर बताई गई हुलिये की महिला को काबू किया। महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर महिला के हाथ में पकड़े काले रंग के पॉलीथिन से गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे का पॉलीथिन सहित वजन करने पर कुल वजन 500 ग्राम पाया गया। पुलिस टीम ने नियमानुसार नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर सील किया तथा आवश्यक कार्रवाई पूरी की।

इस संबंध में आरोपी महिला के खिलाफ थाना शहर हांसी में ऐनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है तथा पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।


भूपिंदर सिंह बड़हेड़ी ने स्वास्थ्य कारणों से राजनीति और सार्वजनिक जीवन से संन्यास लेने की घोषणा की

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़ (हरमिंदर सिंह नागपाल)

अपने विदाई संदेश में भूपिंदर सिंह बड़हेड़ी ने अपने राजनीतिक सफर में साथ देने वाले सभी मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का फैसला बहुत पहले ही अपने मन में कर लिया था, लेकिन अब उनका स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति इसकी अनुमति नहीं देते। मधुमेह और हृदय रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों के कारण उनकी सेहत ऐसी नहीं रही कि वह राजनीति में सक्रिय रह सकें या कहीं आ-जा सकें। इसलिए अब वह पूरी तरह राजनीति और सार्वजनिक जीवन से दूरी बना रहे हैं।

- **अपने लंबे सफर में साथ देने वाले सभी मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति जताया आभार**



उन्होंने कहा कि अपने लंबे सफर के दौरान सभी लोगों ने उनका जो साथ दिया और उन्हें जो मान-सम्मान दिया, उसके लिए वह सभी के दिल से बहुत आभारी हैं। जब तक उनकी सांसें चलेंगी, वह लोगों के इस स्नेह और सहयोग को कभी नहीं भूलेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक जीवन के दौरान यदि जाने-अनजाने उनसे कोई भूल-चूक हुई हो या उनके मुंह से किसी के लिए कोई कड़वी बात निकल गई हो, तो उन्हें अपना बड़ा या छोटा समझकर माफ कर दें।

उन्होंने परमात्मा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। आपका शुभचिंतक, भूपिंदर सिंह बड़हेड़ी उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, चंडीगढ़ निदेशक, चंडीगढ़ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर, नगर निगम, चंडीगढ़ पूर्व अध्यक्ष, मार्केट कमेटी, चंडीगढ़ पूर्व अध्यक्ष, पंचायत समिति, चंडीगढ़ पूर्व सरपंच, ग्राम पंचायत बड़हेड़ी पूर्व निदेशक, हाउसफेड।

रिकॉर्ड तोड़ महंगाई ने मजदूरों का चूल्हा बुझाया, दो वक्त की रोटी भी हुई मुश्किल

पैग़ाम-ऐ-जगत/नवांशहर
14 नवंबर (जतिंदरपाल सिंह कलेर)

जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जरूरी खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सस्ती और स्थिर कीमतों पर होना आवश्यक है, लेकिन रिकॉर्ड तोड़ महंगाई ने मेहनतकश लोगों को गंभीर चिंता में डाल दिया है। ये विचार सांझा किसान मजदूर मोर्चा, भाई लालो लोक मंच पंजाब से संबंधित के महासचिव साथी करण सिंह राणा ने आज यहां प्रेस से बातचीत करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निर्धारित दर से लगभग एक प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 की तुलना में अक्टूबर 2026 में जरूरी खाद्य पदार्थों और अन्य वस्तुओं की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि ने मेहनतकश लोगों की चिंताएं और बढ़ा दी हैं।

साथी राणा ने आगे बताया कि प्याज की कीमतों में 116 प्रतिशत, दूध में 26 प्रतिशत, लहसुन में 40 प्रतिशत, चीनी में 70 प्रतिशत, अदरक में 48 प्रतिशत, नींबू में 47 प्रतिशत तथा मांस और अंडों की कीमतों में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भी तेज बढ़ोतरी ने मेहनतकश वर्ग का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने चिंता जताई कि सत्ताधारी राजनीतिक दल महंगाई पर कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं। सभी राजनीतिक दल गैर-जरूरी मुद्दों पर तो बोलते हैं, लेकिन बढ़ती महंगाई पर खामोश हैं। उन्होंने आगे कहा कि महंगाई के कारण इस वर्ष दिवाली पर बाजारों की रौनक भी कम रही। मजदूरी में, विशेषकर निजी क्षेत्र में, कोई बढ़ोतरी नहीं हो रही है और रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं। इससे दो वक्त की रोटी जुटाने का संकट गंभीर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए मेहनतकश वर्ग को अपने अधिकारों के लिए स्वयं एकजुट होकर संघर्ष करना होगा, तभी बेलगाम सरकारों को जवाबदेह बनाया जा सकता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. पवन कुमार, बीबी शशि राणा, पूर्व सरपंच, जसवीर सिंह और सोनू राणा भी उपस्थित थे।

समय पर पहचान, उचित उपचार और जीवनशैली में बदलाव डायबिटीज के प्रभावी प्रबंधन के लिए जरूरी: विशेषज्ञ

मोहाली, (पैग़ाम-ऐ-जगत)



मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मोहाली की डायरेक्टर - एंडोक्राइनोलॉजी डॉ. एमी ग्रेवाल ने कहा, 'समय पर बीमारी की पहचान, उचित उपचार और जीवनशैली में निरंतर बदलाव अपनाकर डायबिटीज से पीड़ित लोग भी स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।'

डॉ. ग्रेवाल ने बताया कि डायबिटीज मुख्य रूप से तीन प्रकार की होती है - टाइप-1, टाइप-2 और जेस्टेशनल डायबिटीज। इन तीनों के कारण अलग-अलग होते हैं और इनके उपचार एवं प्रबंधन के लिए भी अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होती है।

टाइप-1 डायबिटीज तब विकसित होती है, जब शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से पैंक्रियाज की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं पर हमला करती है। इस स्थिति में इंसुलिन थेरेपी जीवनभर आवश्यक होती है। टाइप-2 डायबिटीज इस बीमारी का सबसे आम प्रकार है। इसमें शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाता है या ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित रखने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता। वहीं, जेस्टेशनल डायबिटीज गर्भावस्था के दौरान विकसित होती है और मां तथा शिशु दोनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए इसकी सावधानीपूर्वक निगरानी और उपचार जरूरी होता है।

उन्होंने बताया कि टाइप-2 डायबिटीज धीरे-धीरे विकसित हो सकती है और कई बार इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। इसलिए जिन लोगों के परिवार में डायबिटीज का इतिहास रहा है, जिनका वजन अधिक है या जिनकी जीवनशैली शारीरिक रूप से निष्क्रिय है, उनके लिए नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद महत्वपूर्ण है।

डायबिटीज के व्यापक प्रबंधन के महत्व पर जोर देते हुए डॉ. ग्रेवाल ने कहा कि इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ खानपान, नियमित शारीरिक गतिविधि, वजन का उचित प्रबंधन और जरूरत के अनुसार दवाओं का सेवन जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधि से शरीर की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता बेहतर होती है, जबकि डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवाएं या इंसुलिन थेरेपी व्यक्ति की जरूरत के अनुसार ब्लड ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करती हैं।

डॉ. ग्रेवाल ने कहा कि डायबिटीज का प्रबंधन केवल ब्लड ग्लूकोज के निर्धारित स्तर को हासिल करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका उद्देश्य बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के समग्र जोखिम को कम करना, लंबे समय तक स्वास्थ्य बनाए रखना और डायबिटीज से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाना होना चाहिए।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

अंबाला क्लब की जमीन पर कब्जे के मामले में अदालत ने नगर परिषद अधिकारियों को दो महीने की कैद की सजा सुनाई

अंबाला क्लब को 0.69 एकड़ जमीन का खाली कब्जा, सामान और रिकॉर्ड लौटाने के आदेश

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
14 नवंबर (आर. सिंह)

छावनी क्षेत्र में अंबाला क्लब के परिसर पर कब्जा करने और पहले के अदालती आदेशों की अनदेखी करने के मामले में नगर परिषद के अधिकारियों को दोषी पाया गया है। सिविल जज (जूनियर डिवीजन) पवनदीप कौर की अदालत ने अधिकारियों को दो महीने की सिविल कैद की सजा सुनाई और क्लब का खाली तथा भौतिक कब्जा तुरंत वापस करने का आदेश दिया। अदालत ने मुख्य इमारत और परिसर के प्रवेश द्वार पर लगाए गए तालों को गैरकानूनी घोषित करते हुए उन्हें तोड़ने और ताले क्लब को वापस करने के निर्देश दिए। दोषी अधिकारियों में अंबाला सदर नगर परिषद के प्रशासक, तत्कालीन एसडीएम एवं एस्टेट ऑफिसर सुभाष सिहाग (एचसीएस), सहायक एस्टेट ऑफिसर एवं कार्यकारी अधिकारी विनोद नेहरा तथा नगर परिषद के तत्कालीन सचिव राजेश कुमार शामिल हैं। यह मामला वर्ष 1980 का है, जब अंबाला क्लब ने नगर परिषद के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर किया था। अदालत ने 1 अगस्त, 1981 को अपने फैसले में नगर निकाय अधिकारियों को कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना क्लब को बेदखल करने से रोक दिया था।

अंबाला क्लब की ओर से दायर अवमानना याचिका स्वीकार करते हुए अदालत ने नगर प्रशासन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। अपने आदेश में अदालत ने अदालती आदेशों की जानबूझकर अवहेलना करने के लिए तत्कालीन एसडीएम, तत्कालीन कार्यकारी अधिकारी और तत्कालीन सचिव को दो महीने की सिविल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने आदेश दिया कि सर्वे



नंबर 184 और 184-ए में स्थित 0.69 एकड़ जमीन का खाली और भौतिक कब्जा अंबाला क्लब को वापस सौंपा जाए। साथ ही क्लब परिसर में मौजूद सभी सामान, रिकॉर्ड और अन्य संपत्तियों की सूची तैयार करके उन्हें लौटाने के निर्देश दिए। अदालत ने संबंधित थाना प्रभारी (एसएचओ) को क्लब परिसर में लगाए गए गैरकानूनी ताले खुलवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि कब्जा सौंपने के दौरान कोई रुकावट या हस्तक्षेप न हो।

क्लब के अध्यक्ष राजीव सियाल ने अदालत में क्लब की ओर से गवाही दी और 3 अगस्त, 2023 को पारित क्लब के प्रस्ताव, 1981 और 1984 के अदालती फैसलों, नगरपालिका के नोटिसों तथा अन्य दस्तावेजों की प्रतियां सबूत के तौर पर पेश कीं।

सभी तथ्यों और सबूतों पर विचार करने के बाद अदालत ने 2 नवंबर, 2026 को अवमानना याचिका मंजूर कर ली और क्लब को जमीन का भौतिक कब्जा, सामान तथा रिकॉर्ड वापस करने और कब्जा सौंपने के दौरान पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अदालत ने तत्कालीन एसडीएम सुभाष सिहाग, तत्कालीन कार्यकारी अधिकारी विनोद नेहरा और तत्कालीन सचिव राजेश कुमार को दो महीने की सिविल कैद की सजा भी सुनाई तथा उन्हें मुकदमे का खर्च अदा करने का आदेश दिया।

नगर परिषद के वकील पुनीत सरपाल ने कहा कि इस मामले में 2023 में फैसला उनके पक्ष में आया था। उन्हें अभी तक फैसले की प्रमाणित प्रति नहीं मिली है और इसे प्राप्त करने के बाद ही वे टिप्पणी कर सकेंगे। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, अंबाला क्लब ने 1980-81 में नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर किया था। 31 अगस्त, 1981 को अदालत ने क्लब के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उसे जमीन से बेदखल न करने का आदेश दिया था। इसके बाद 1 फरवरी, 1984 को अपील खारिज कर दी गई। क्लब ने कहा कि विवादित जमीन भारत सरकार ने वर्ष 1902 में पंजीकृत लीज डीड के माध्यम से दी थी।

क्लब ने अदालत को बताया कि 24 जुलाई, 2020 को नगरपालिका प्रशासन ने परिसर खाली करने का नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब क्लब ने 30 जुलाई, 2020 को अपने वकील के माध्यम से दिया। इसके बाद 18 अगस्त, 2020 को क्लब ने पहले के अदालती फैसले को लागू करवाने के लिए निष्पादन याचिका दायर की। याचिका के अनुसार, 25 अगस्त, 2020 को नगरपालिका अधिकारी 50 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ क्लब परिसर में पहुंचे। आरोप था कि चौकीदार को हटा दिया गया, मुख्य इमारत और गेट पर ताले लगा दिए गए तथा परिसर को सील कर दिया गया। क्लब के अंदर मौजूद सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की कोई सूची तैयार नहीं की गई थी।

दीवाली और छठ त्योहारों के दौरान अंबाला डिवीजन से 19.5 लाख यात्रियों ने रेल यात्रा की

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला, 14 नवंबर (आर. सिंह)

अंबाला रेलवे डिवीजन के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, दीवाली और छठ त्योहारों के दौरान अंबाला रेलवे डिवीजन से 19.50 लाख यात्रियों ने रेल यात्रा की। इनमें से लगभग 5.20 लाख यात्री पूर्वी राज्यों की ओर गए। विशेष रेलगाड़ियों के संचालन से प्रतिदिन लगभग 40,000 अतिरिक्त यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष रेलगाड़ियां चलाईं, जिनमें 13 नवंबर तक 67 आरंभिक और 189 गुजरने वाली विशेष रेलगाड़ियां शामिल थीं।

जारी जानकारी के अनुसार, दीवाली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे के अंबाला डिवीजन ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू रेल संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए। त्योहारों के इस मौसम में अंबाला डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों से लगभग 19.50 लाख यात्रियों ने रेलगाड़ियों से यात्रा की। इनमें से लगभग 5.20 लाख यात्री पूर्वी राज्यों की ओर जा रहे थे, जिनमें प्रतिदिन करीब 40,000 अतिरिक्त यात्री शामिल थे।

त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की सुविधा के लिए अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाईं। 13 नवंबर, 2026 तक अंबाला डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों से कुल 67 फेस्टिवल स्पेशल रेलगाड़ियों की यात्राएं निर्धारित की गई थीं, जिनमें से 51 यात्राएं संचालित की जा चुकी थीं और 16 यात्राएं शेष थीं। ये विशेष रेलगाड़ियां चंडीगढ़, बठिंडा, अंबाला छावनी, सरहिंद और सहारनपुर स्टेशनों से चलाई गईं। इसके अलावा, अंबाला डिवीजन से होकर गुजरने वाली विशेष रेलगाड़ियों के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए। डिवीजन से होकर गुजरने वाली 25 विशेष रेलगाड़ियों की कुल 189 यात्राएं निर्धारित की गई थीं, जिनमें से 150 यात्राएं संचालित की जा चुकी थीं और 39 यात्राएं शेष थीं। रेलवे प्रशासन ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा स्टेशनों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए।

परमिंदर गोल्डी ने खरड़ में लोगों से किया जनसंपर्क, राम मंदिर में हुए नतमस्तक

- **पैदल यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर हुआ स्वागत, पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाऊंगा: गोल्डी**



पैग़ाम-ऐ-जगत/खरड़, 14 नवंबर (दविंदर कौर)

आम आदमी पार्टी द्वारा खरड़ विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद परमिंदर सिंह गोल्डी ने शहर में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में उन्होंने आज खरड़ के राम मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने शहर में पैदल यात्रा कर लोगों से संपर्क किया। पैदल यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गोल्डी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें खरड़ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाकर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि वह चुनाव में जीत हासिल कर यह सीट पार्टी की झोली में डालने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद थे।

चोरियों से परेशान व्यापारी एसपी से मिले, सुरक्षा और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 14 नवंबर (आर. सिंह)

अंबाला शहर की शुक्लकुंड रोड स्थित प्रमुख व्यावसायिक केंद्र दशमेश मार्केट में चोरों द्वारा दुकानों के शटर तोड़कर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिए जाने से परेशान दुकानदारों ने आज जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान लक्की जुनेजा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राम रतन के नेतृत्व में अंबाला के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत से मुलाकात की और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की।



व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से मांग की कि भविष्य में चोरी की घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए बाजार क्षेत्र में रात की पुलिस गश्त अनिवार्य और सख्त की जाए। उनका कहना था कि हाल के समय में कॉस्मेटिक मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में काफी वृद्धि हुई है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर लगातार दुकानों में घुसने या सामान चोरी करने की फिराक में रहते हैं। इन घटनाओं के कारण कई दुकानदारों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद चोरों को पुलिस का कोई डर नजर नहीं आता। इस गंभीर समस्या को लेकर जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान लक्की जुनेजा और भाजपा के सामाजिक कार्यकर्ता राम रतन ने पुलिस अधीक्षक को एक मांगपत्र सौंपा, जिसमें क्षेत्र की जमीनी हकीकत का विवरण दिया गया।

उन्होंने बताया कि कॉस्मेटिक मार्केट शहर का एक अत्यंत व्यस्त क्षेत्र है, जहां दुकानों में लाखों रुपये का सामान रखा जाता है। रात के समय नियमित पुलिस गश्त की कमी के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। उन्होंने मांग की कि रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बाजार के सभी प्रवेश और निकास मार्गों पर पुलिस पीसीआर वाहन और मोटरसाइकिल सवार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं तथा संदिग्ध व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ की जाए।

दोनों प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों की इस जायज मांग का तुरंत समाधान करेगा। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनी और भरोसा दिलाया कि कॉस्मेटिक मार्केट सहित शहर के बाजारों में रात की गश्त बढ़ाई जाएगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि व्यापारी समुदाय बिना किसी डर के अपना कारोबार कर सके। व्यापारियों की समस्याएं सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक ने उन्हें दोबारा आश्वासन दिया कि कॉस्मेटिक मार्केट और शहर के अन्य बाजारों में पुलिस निगरानी तथा रात की गश्त बढ़ाई जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि चार-पांच चौकीदार होने के बावजूद चोरी की घटनाएं हो रही हैं। यदि चोरियों का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो वे धरना-प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

2027 के विधानसभा चुनाव में मोहाली से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक हरदेव सिंह उभा

- **भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ से की विशेष मुलाकात; पार्टी और जनसेवा के 29 वर्षों का दिया हवाला**

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
13 नवंबर (हरमिंदर सिंह नागपाल)

भारतीय जनता पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता सरदार हरदेव सिंह उभा और उनकी धर्मपत्नी, नगर निगम मोहाली के वार्ड नंबर 41 से भाजपा की मौजूदा पार्षद श्रीमती गुरप्रीत कौर उभा ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य श्री तरुण चुघ से विशेष मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान श्री हरदेव सिंह उभा ने वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में मोहाली विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा और दावेदारी पेश की।

उभा पिछले 29 वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर पार्टी की विचारधारा, संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वह पिछड़ा वर्ग से संबंधित गुरसिख नेता हैं और लंबे समय से पार्टी तथा समाज की सेवा के लिए समर्पित हैं।

उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गुरप्रीत कौर उभा भी नगर निगम मोहाली के वार्ड नंबर 41 से भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा पार्षद हैं और लोगों की



सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

सरदार हरदेव सिंह उभा ने स्पष्ट किया कि उनके लिए पार्टी संगठन, अनुशासन और पार्टी की विचारधारा सर्वोपरि है। पार्टी हाईकमान का हर फैसला उन्हें सहर्ष स्वीकार होगा। पार्टी मोहाली से जिस भी उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारेगी, वह उसकी जीत के लिए पूरी ईमानदारी, समर्पण और मेहनत से काम करेंगे।

इस अवसर पर श्री हरदेव सिंह उभा ने श्री तरुण चुघ से पार्टी संगठन को और मजबूत करने, राजनीतिक गतिविधियों तथा आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति के संबंध में मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि श्री तरुण चुघ का लंबा राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक समझ, दूरदर्शी सोच और पार्टी के प्रति समर्पण उनके लिए बहुत प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से बहुमूल्य समय निकालकर मुलाकात करने, उनके विचार सुनने और मार्गदर्शन देने के लिए श्री तरुण चुघ का हृदय से धन्यवाद किया।

अंत में श्री हरदेव सिंह उभा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना, पार्टी संगठन को और मजबूत करना तथा पिछले 29 वर्षों से जारी पार्टी और समाज सेवा की यात्रा को और अधिक समर्पण के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वह पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करते रहेंगे।

ओ.एस.डी. सुखवीर सिंह ने गांव बेनड़ा में 35 लाख रुपये की लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र का किया उद्घाटन

केंद्र में लोगों को मुफ्त जांच, दवाइयां, लैब टेस्टिंग और टीकाकरण सहित मिलेंगी विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं

धूरी, 14 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

गांव बेनड़ा, ब्लॉक धूरी में करीब 35 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का उद्घाटन मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के ओ.एस.डी. श्री सुखवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों की पहुंच में लाना और गांव स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के शुरू होने से गांव बेनड़ा और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को अपने घरों के नजदीक ही प्राथमिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी तथा इलाज के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। केंद्र में मधुमेह, रक्तचाप सहित



गैर-संचारी रोगों की जांच और स्क्रीनिंग की जाती है। यहां तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा मरीजों की ओ.पी.डी. में जांच की जाती है तथा आवश्यकता के अनुसार मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं।

केंद्र में हीमोग्लोबिन की जांच सहित बुनियादी लैब टेस्टिंग की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे खून की कमी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, पंजाब सरकार के निर्देशों के अनुसार मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मुफ्त उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां तैनात ए.एन.एम. द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल की जाती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जाती है तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल में भेजा जाता है। प्रत्येक बुधवार को बच्चों और गर्भवती महिलाओं का मुफ्त टीकाकरण भी किया जाता है।

इसके साथ ही मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर (मेल) द्वारा मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के संबंध में समय-समय पर जागरूकता गतिविधियां और शिविर लगाए जाते हैं। लोगों को मच्छरों की पैदावार रोकने तथा आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को ड्राई डे भी मनाया जाता है। श्री सुखवीर सिंह ने कहा कि गांव स्तर पर ऐसे स्वास्थ्य केंद्र लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने और बीमारियों की शुरुआती चरण में पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने से लोगों के समय और पैसे की बचत होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और व्यापक होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, गांव के गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' कार्यशाला, शिक्षकों ने सीखे मानसिक संतुलन के गुर

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल, हांसी में शनिवार को शिक्षकों के लिए 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' (तनाव प्रबंधन) विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को दैनिक जीवन की व्यस्तताओं और मानसिक तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपाय सिखाना था ताकि वे शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रख सकें। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार से कनिका व आर्यन पब्लिक स्कूल , रोहतक की उप प्रधनाचार्या श्वेता उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला, प्रशासक प्रवीण चुघ और एकैडमिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कनिका व श्वेता ने शिक्षकों



को मानसिक तनाव के कारणों, लक्षणों और उससे बाहर निकलने की प्रभावी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संवादात्मक गतिविधियों और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कठिन परिस्थितियों में मन को शांत कैसे रखा जाए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य लवली चावला ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शारीरिक स्वास्थ्य। उन्होंने शिक्षकों को समय प्रबंधन , सकारात्मक सोच और संतुलित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी व कहा कि उचित मार्गदर्शन और योग-ध्यान जैसी आदतें एकाग्रता बढ़ाने में मददगार साबित होती हैं। कार्यशाला के अंत में विद्यालय प्रशासन ने प्रशिक्षकों का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया

वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य को निर्धारित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है : बजरंग गर्ग

- **कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती आई है : बजरंग गर्ग**

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी(दिनकर गावड़ी)

हरियाणा में लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत हांसी जिले के गांव उमरा में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता एवं हांसी जिला प्रभारी बजरंग गर्ग ने की। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा गांव के लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर अभियान के प्रति अपना समर्थन जताया। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आयोग से मिलकर देश व प्रदेश में वोट चोरी करने का काम किया है। भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर सही वोट कटवाएं चुनाव में धांधली करके सरकार बनाई है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का



वोट है। वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य को निर्धारित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहे और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।उन्होंने कहा कि वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को जागरूक करना, मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सुनिश्चित करवाना तथा चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की मांग को मजबूत करना है। लोकतंत्र में जनता की आवाज और उसके वोट का सम्मान होना चाहिए। किसी भी पात्र मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती आई है। आज जरूरत है कि युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी और समाज का प्रत्येक वर्ग लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगे आए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को मतदाता सूची की जांच करने के लिए जागरूक करें तथा यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है या उसमें कोई गलती है तो नियमानुसार उसे ठीक करवाएं। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब चुनाव निष्पक्ष हों, हर वोट की अहमियत हो और जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का पूरा अधिकार मिले। इस अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल मक्कड़, तेलुराम जांगड़ा, सुमन शर्मा, पवन गोयल, किरण मलिक, मनोज राठी, जिला पार्षद मोहित मलिक, राजेश कासनिया, योगेंद्र योगी, मोहित सीहाल, युवा अध्यक्ष सोबिन भाटला, युवा ब्लॉक अध्यक्ष अजय बेरवाल, सतपाल मलिक, संदीप कुशवाहा, सत्यवान मलिक, गौरव सैनी, अशोक मलिक, अमित जुल्हा, पूर्व पार्षद सुभाष चावला, राजेंद्र बंसल, सुभाष चावला, राजेश कासनिया, कमलेश रंगा, कृष्ण सोरखी, डॉ सतीश मंगल पुट्ठी, चिनु बत्रा आदि नेता व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे।

अजनोहा के सरकारी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



पैग़ाम-ऐ-जगत
हुशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजनोहा में अध्यक्ष सुनीता रानी और प्रधानाचार्य हरमनोज कुमार की अध्यक्षता में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर गुरदर्शन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अशोक परमार, मनजीत कौर, हरभजन सिंह, समिति सदस्य ममता रानी, सेवानिवृत्त डी.एस.पी. सतविंदर सिंह, पूर्व समिति सदस्य जसविंदर कौर और हरकीरत सिंह ने विद्यार्थियों से पढ़ाई तथा नैतिक मूल्यों संबंधी विचार साझा किए और उन्हें और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छठी से बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन नरिंदर अजनोहा ने किया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी दिलबाग सिंह बंगा, सरपंच राजविंदर कौर, सरपंच मीना कुमारी, सुखविंदर कौर, गुरमीत सिंह, मनजीत सिंह, सेवानिवृत्त डी.एस.पी. अजीत सिंह विरदी, जतिंदर सिंह, सरबजीत कौर, सतनाम कुमार, राजविंदर कौर, लवदीप कौर, उंकार सिंह, धरमिंदर सिंह, अबिनाश कौर, हाफिज, अमनप्रीत कौर, अमनजीत कौर, दीपक कुमार, जसप्रीत कौर, मुनीश कुमार, दीपिका, सिमरनजीत कौर, राजवीर बग्गा, कुलविंदर सिंह, रजेश कुमार, आरती थापर, हरभजन सिंह, अमरजीत सिंह, शाम सिंह, शिंगारा सिंह, कुलवंत सिंह, अमरीक सिंह, पुरुषोत्तम कुमारी, बलबीर कौर, सोहण सिंह और गुरदयाल सिंह उपस्थित थे।